दैनिक भास्कर 16/10/2025

48वें यूथ फेस्टिवल का दूसरा दिन • सिटी के एसए जैन कॉलेज में फेस्टिवल में अम्बाला, पंचकूला, कालका व मुलाना के कॉलेजों ने भाग लिया





सिटी के एसए जैन पीजी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 48वें जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान रसिया डांस में प्रस्तुति देती टीम ।

# यूथ फेस्टिवल में बिखरा ब्रज की रसिया संस्कृति का रंग



सिटी के एसए जैन पीजी कालेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान रसियां डांस में प्रस्तुति देते हुए।

**भास्कर न्यूज़** | अम्बाला

एसए जैन कॉलेज सिटी में चल रहे 48वें जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने कला, संस्कृति और प्रतिभा का शानदार मंचन किया। विशेष रूप से रसिया डांस की प्रस्तुति दी गई, जिसमें ब्रज क्षेत्र की होली के साथ अन्य त्योहार के रंग देखने को मिले। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और नवकार मंत्र से हुआ। इस मौके पर हरियाणवी लोककला, नृत्य, गीत, नाटक और संस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

विद्यार्थियों ने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति को मंच पर जीवंत कर दिया। फेस्टिवल के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें अम्बाला, पंचकूला, कालका और मुलाना के कॉलेजों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता रितेश गोयल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। गोयल ने कहा कि युवा ही देश की असली ताकत हैं। यदि वे अपने लक्ष्य को पहचानकर दृढ़ निश्चय से आगे बढ़ें तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। उन्होंने मंत्री कृष्ण लाल पंवार के फंड से कॉलेज के लिए 7 लाख की ग्रांट देने की घोषणा की।

## संस्कृत ड्रामा में एसए जैन कॉलेज सिटी प्रथम रहा

**क्लासिकल वोकल सोलो:** जीएमएन कॉलेज कैंट प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-1, पंचकूला द्वितीय

**हरियाणवी रसिया ग्रुप डांस:** एसए जैन कॉलेज सिटी प्रथम, एसडी कॉलेज कैंट द्वितीय

**संस्कृत ड्रामा:** एसए जैन कॉलेज सिटी प्रथम, जीएमएन कॉलेज कैंट दूसरे

**डिबेट इंग्लिश:** एसडी कॉलेज कैंट प्रथम,

**फोक इंस्ट्रूमेंट हरियाणवी सोलो:** जीएमएन कॉलेज कैंट प्रथम, एमपीएन कॉलेज मुलाना द्वितीय

**कोलॉर्ज:** एसडी कॉलेज कैंट प्रथम, एसए जैन कॉलेज सिटी द्वितीय

**क्ले मॉडलिंग:** गवर्नमेंट कॉलेज कैंट प्रथम, एसडी कॉलेज कैंट द्वितीय

**कार्टूनिंग:** गवर्नमेंट कॉलेज कैंट प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-1, पंचकूला द्वितीय



नाटक का मंचन करते हुए।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

## आज होगा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

जोनल यूथ फेस्टिवल के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम अयोजित किया जाएगा। इससे पहले ग्रुप डांस हरियाणवी, वेस्टर्न वॉकल सोलो, वेस्टर्न इन्स्टुमेंटल सोलो, ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न समेत अन्य प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।